जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

31 अगस्त 2022

प्रेस विज्ञप्ति

# जामिया की टीम 'Epione' ने जीता स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2022

कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के छह छात्रों वाली टीम 'Epione'' ने इस साल के स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) में एक लाख रुपये के नकद पुरस्कार के साथ पहला पुरस्कार हासिल किया।

एस आई एच, शिक्षा मंत्रालय (MoE) की एक राष्ट्रव्यापी पहल है जो छात्रों को समाज की कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करती है, और उत्पाद नवाचार की संस्कृति तथा समस्या-समाधान की मानसिकता को विकसित करती है। इस वर्ष, 36 घंटे लंबे हैकथॉन का आयोजन 25-26 अगस्त को देश भर के 75 नोडल केंद्रों में किया गया था, जिसमें छात्रों को 62 संगठनों से प्राप्त 476 प्रोब्लब्स स्टेटमेंट्स की पेशकश की गई थी, जिससे उन्हें आउट-ऑफ-द-बॉक्स विचारों के साथ आने का अवसर मिला।

टीम 'Epione' ने समस्या विवरण केएच1150 के लिए एसआईएच में भाग लिया। टीम में छह सदस्य, सभी बी.टेक 5 वें सेमेस्टर से हैं; अरिफा (टीम लीडर), आलिया बेग, फैजान चौधरी, लाल बिहारी पांडे, फातिमा शफीक और अब्बास हैदर। उनके प्रोब्लब्स स्टेटमेंट का उद्देश्य छात्रों के बीच सेल्फ-केयर को बढ़ावा देना और मानसिक, शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य सहित उनके समग्र कल्याण को बढ़ाना था। प्रोब्लब्स स्टेटमेंट के समाधान के रूप में, टीम 'Epione' ने एक क्रॉस-प्लेटफ़ॉर्म मोबाइल एप्लिकेशन 'एपिओन' विकसित किया, जिसमें फ़्लटर को फ्रेमवर्क के रूप में और डार्ट को प्रोग्रामिंग भाषा के रूप में उपयोग किया गया था। कोंगु इंजीनियरिंग कॉलेज, इरोड, तमिलनाडु में आयोजित ग्रैंड फिनाले के दौरान विशेषज्ञों द्वारा तीन दौर के जोरदार मूल्यांकन के बाद, टीम को समस्या कथन KH1150 के लिए विजेता घोषित किया गया।

यह समझते हुए कि सेल्फ-केयर एक बहुआयामी, गतिविधि है, टीम 'Epione' इससे संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना चाहती थी और छात्रों का एक मंच विकसित करना चाहती थी जिसका उपयोग वे अपनी संपूर्ण सेल्फ-केयर यात्रा के लिए कर सकते हैं। इसलिए, उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्वास्थ्य और कार्य स्वास्थ्य नामक 4 ट्रैक शामिल करने का निर्णय लिया जिनका उपयोग छात्र दैनिक रूप से कर सकते हैं। इन 4 ट्रैक्स के साथ-साथ इनमें 4 अन्य फीचर्स भी हैं। पहला डॉक्टर परामर्श का है। छात्र ऐप के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से संपर्क कर सकेंगे क्योंकि ऐसे विशेषज्ञों तक पहुंच एक बड़ी बाधा है। दूसरा एक एआई चैटबॉट है जिसका उपयोग ऐप के उपयोगकर्ताओं की सहायता के लिए किया जा सकता है। तीसरा 'स्टोरी सेक्शन' है जहां छात्र अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और चौथा एक एसओएस सुविधा है जो सेंडर की लोकेशन के साथ एक आपातकालीन संदेश भेजता है। चार ट्रैक्स के भीतर, एपिओन में मेडिटेशन, माइंडफुलनेस, पीएचक्यू-9 टेस्ट, कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी, योगा पोज डिटेक्शन, टाइम मैनेजमेंट तकनीक आदि जैसी कई विशेषताएं शामिल हैं, जो सभी एक साथ उपयोगकर्ताओं के वेल-बींग को बढ़ाने की दिशा में काम करते हैं।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया